# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–12

एकादश (बजट) सत्र
शनिवार, दिनांकः–18 मार्च, 2023 ई०।

**समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 04:47 अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआः–

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–21**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–04 | अ0सू0–24, | श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–33, | श्री बिरंची नारायण | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–45, | श्री प्रदीप यादव | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–38, | श्री अनन्त कुमार ओझा | स0वि0स0 |
| (ख) स्थगित कुल–01 | अ0सू0–27, | श्री प्रदीप यादव | स0वि0स0 |
| (ग) अनागत कुल–16 | क्रम संख्या–207 से 222 तक। | | |

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–36**

(ग) अनागत कुल–36 क्रम संख्या–516 से 551 तक।

(प्रश्नकाल के दौरान माननीय सदस्य श्री बिरंची नारायण ने आसन से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर माननीय सदस्या श्रीमती पुष्पा देवी सदन के बाहर धरना पर बैठी हैं, जिन्हें ससम्मान सदन में लाया जाय। तदुपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्य श्री उमाशंकर अकेला एवं माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार ओझा को अधिकृत किया कि वे धरना पर बैठी माननीय सदस्या को सदन के अंदर ससम्मान ले आयें।

साथ ही धरना पर बैठे माननीय सदस्य श्री नारायण दास के मामले में माननीय अध्यक्ष स्वतः संज्ञान लेते हुए माननीय सदस्य श्री दास को ससम्मान सदन के अंदर लाने हेतु माननीय सदस्य श्री जयप्रकाश भाई पटेल एवं माननीय सदस्य डॉ0 इरफान अंसारी को अधिकृत किए।

माननीय सदस्य श्री बिरंची नारायण के प्रश्नोत्तर के क्रम में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यगण वेल में आकर संबंधित विषय की जाँच हेतु विधान सभा की समिति गठित करने की माँग करने लगे।)

**(अव्यवस्था के मद्देनजर सदन 11:50 बजे पूर्वा0 में 12:30 बजे अप0 तक के लिए स्थगित कर दिया गया।)**

**स्थगनोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 2. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत् आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनायें निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

| | |
|---|---|
| श्री मंगल कालिन्दी | स0वि0स0 |
| श्री उमाशंकर अकेला | स0वि0स0 |
| डॉ0 इरफान अंसारी | स0वि0स0 |
| श्रीमती सबिता महतो | स0वि0स0 |

→

| | |
|---|---|
| श्री केदार हजरा | स0वि0स0 |
| श्री मथुरा प्रसाद महतो | स0वि0स0 |
| श्री भूषण तिर्की | स0वि0स0 |
| श्री जयप्रकाश भाई पटेल | स0वि0स0 |
| श्री समीर कुमार महान्ती | स0वि0स0 |
| श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | स0वि0स0 |
| श्री जिगा सुसारण होरो | स0वि0स0 |
| श्री राजेश कच्छप | स0वि0स0 |
| श्री दशरथ गागराई | स0वि0स0 |
| श्री निरल पुरती | स0वि0स0 |
| डॉ0 लम्बोदर महतो | स0वि0स0 |
| श्री संजीव सरदार | स0वि0स0 |
| श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी | स0वि0स0 |
| श्री अनन्त कुमार ओझा | स0वि0स0 |
| श्री रामचन्द्र सिंह | स0वि0स0 |
| श्री भूषण बड़ा | स0वि0स0 |
| श्री किशुन कुमार दास | स0वि0स0 |
| श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की | स0वि0स0 |
| सुश्री अम्बा प्रसाद | स0वि0स0 |
| श्री मनीष जायसवाल | स0वि0स0 |
| श्री नारायण दास | स0वि0स0 |

(माननीय सदस्य श्री नारायण दास की सूचना पढ़ी हुई मानी गई।)

## 3. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत् श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी, जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

## 4. वित्तीय कार्य

आसन द्वारा पुकारे जाने पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग) के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री चम्पाई सोरेन द्वारा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (मांग संख्या–51)(खण्ड–05) के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 26,90,76,41,000/–(छब्बीस अरब, नब्बे करोड़, छिहत्तर लाख, इक्तालीस हजार) रूपये से अनधिक की मांगे सभा में प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्य श्री केदार हजरा द्वारा इस मांग से संबंधित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही 02:00 बजे अप0 तक के लिए स्थगित।)

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 5. वित्तीय कार्य (क्रमांक–4 से जारी)

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत मांग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य श्री केदार हजरा ने चर्चा प्रारम्भ की। इसके उपरान्त निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया:–

श्री जिगा सुसारण होरो
श्री नवीन जयसवाल

श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह
डॉ0 लम्बोदर महतो
श्री प्रदीप यादव
श्री विनोद कुमार सिंह
श्री बैद्यनाथ राम
डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता
श्री रामचन्द्र सिंह
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की

## 6. सूचना

अनुदान की माँग पर चर्चा के दौरान कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा सदन में विभिन्न बिन्दुओं पर सूचना दी गईः–

1. माननीय सदस्य श्री अमर कुमार बाउरी ने सूचना के माध्यम से आसन से आग्रह किया कि चंदनक्यारी के रंगामाटिया गांव में एक सियार के काटने से तीन महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी थी। जिनमें से दो महिला अंगुरी देवी एवं सावित्री मुखर्जी का निधन हो गया है और तीसरी महिला का ईलाज चल रहा है। ईलाजरत् महिला का अच्छे ईलाज एवं मृत महिलाओं के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4–4 लाख रूपये मुआवजा देने की मांग सरकार से करता हूँ।
2. माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार ओझा ने सूचना दिया कि राज्य के अंदर बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का तस्करी एवं खरीद–बिक्री किया जा रहा है। सरकार से मांग करता हूँ कि यथाशीघ्र रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठायें।
3. डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सूचना के माध्यम से आसन से आग्रह किया कि राज्यहित एवं छात्रहित में कॉलेज के छात्रों के लिए सरकार ने ई–कल्याण पोर्टल के माध्यम से 25 मार्च, 2023 तक छात्रवृत्ति हेतु तिथि निर्धारित की है। परन्तु पोर्टल में बहुत सारे कॉलेजों का अप्सन नहीं मिल रहा है, जिसके कारण बहुत सारे छात्रों को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने में कठिनाई हो रही है। आवेदन की तिथि को बढ़ाकर सरकार छात्रों के हित में कार्य करें।

आसन से पुकारे जाने पर सरकार की ओर से श्री चम्पाई सोरेन, प्रभारी माननीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग) द्वारा उत्तर दिया गया, इसके उपरांत अनुदान की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य श्री केदार हजरा द्वारा प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

**(सरकार के उत्तर के क्रम में विपक्षी सदस्यों का 04:26 अप0 में सदन से बहिर्गमन)**

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक–20 मार्च, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–18 मार्च, 2023

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।